## सार-समाचार

### वीर वीरमदेव कॉलेज में विशेष व्याख्यान

**जालोर, (कासं)।** वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जालोर में नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र, जालोर तथा महाविद्यालय के नई किरण नशा मुक्ति केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आज विशेष व्याख्यान का आयोजन हुआ। इस मौके पर बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया और नशा मुक्ति का संकल्प लिया। मुख्य वक्ता हीरालाल ने कहा "नशा आज युवाओं की सबसे बुरी आदत है। यह न केवल स्वास्थ्य को खराब करता है बल्कि परिवार, पढ़ाई और करियर को भी बर्बाद कर देता है। युवा वर्ग को चाहिए कि वे खुद भी नशे से दूर रहें और दूसरों को भी रोकने का साहस दिखाएँ।" डॉ. शिव कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में कहा "नशा व्यक्ति को अकेला कर देता है। परिवार और मित्र भी दूरी बनाने लगते हैं। विद्यार्थी यदि दृढ़ निश्चय कर लें तो वे नशे जैसी बुराई से आसानी से बच सकते हैं।"नई किरण नशा मुक्ति केंद्र के संयोजक डॉ. मनीष सिंह ने कहा "महाविद्यालय स्तर पर इस प्रकार के कार्यक्रम आवश्यक हैं। जागरूकता से ही विद्यार्थी सही दिशा में आगे बढ़ सकते हैं और समाज को नशा मुक्त बनाने में योगदान दे सकते हैं।" राज कुमार जलवानिया ने कहा "नशे से मुक्ति केवल स्वास्थ्य का सवाल नहीं है, यह सामाजिक जिम्मेदारी भी है। आज की युवा पीढ़ी ही कल का समाज है। यदि युवा नशे से दूर रहेंगे तो समाज स्वतः मजबूत होगा।"कार्यक्रम का संचालन किशोर कुमार ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि "नशा छोड़कर ही सच्चे अर्थों में जीवन को जीया जा सकता है।" कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों ने भी अपने विचार साझा किए और नशा मुक्त समाज की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

### जिला स्तरीय प्रतियोगिता का समापन

**पोकरण, (निसं)।** क्षेत्र के ग्राम सांकडा में आयोजित 69वीं जिला स्तरीय प्रतियोगिता (14-17-19 छात्र-छात्रा वर्ग) नेटबॉल, वूशु व कराटे का समापन समारोह बुधवार को हुआ। मुख्य अतिथि पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज ने विजेता एवं उपविजेता टीमों के खिलाडयिों को सम्मानित किया और प्रोत्साहित किया। इससे पूर्व अतिथियों ने मैदान पर खिलाडियों से परिचय लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। प्रतियोगिताएं खिलाडियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और संघर्ष की भावना पैदा करती हैं। जीत जहां आगे बढने की प्रेरणा देती है, वहीं हार गलती सुधारने का अवसर प्रदान करती है। इसलिए खिलाडियों को हार-जीत से विचलित नहीं होकर सदैव सकारात्मक भाव से खेल भावना के साथ आगे बढना चाहिए। जिला स्तरीय इस प्रतियोगिता में अनेक स्थानों से आए खिलाडियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया और आपसी प्रेम व सामाजिक समरसता का संदेश दिया।समापन समारोह में सरपंच प्रतिनिधि भोमसिंह, मंडल अध्यक्ष हनुमान सिंह राठौड, मुख्य ब्लॉक एवं शिक्षा अधिकारी सुशीला, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हेमशंकर जोशी, नायब तहसीलदार माधवसिंह चरण, ग्राम विकास अधिकारी मूलसिंह, प्रधानाचार्य भरत कुमार, मेहराज सिंह, शिक्षक यशवीर सिंह, खेल प्रभारी मूलसिंह, डूंगर सिंह सहित खिलाडी मौजूद रहे। मंच संचालन व्याख्याता ओमप्रकाश जांगीड ने किया।

### वीक्षक ड्यूटी को लेकर ज्ञापन दिया

**पाली, (नि.सं.)।** राजस्थान प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष राधेश्याम सोनी के नेतृत्व में प्रतियोगी परीक्षाओं में वीक्षक ड्यूटी के संदर्भ में समन्वयक परीक्षा एवं अति जिला कलक्टर,पाली को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष संजीव शर्मा ने बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं में एक ही दिन में दो ड्यूटी लगाई जाती है जिससे बारह घंटे की ड्यूटी हो जाती है जो कि भारतीय श्रम कानून का भी उलंघन है, इसलिए एक ड्यूटी लगाई जाए। प्रदेश संयुक्त महिला मंत्री विमलेश भदौरिया ने ह्रदय रोगी,जिनका घुटना प्रत्यारोपित हो चुका हो,आर्थेराइटिस आदि रोगों से पीड़ित शिक्षकों को ड्यूटी से राहत देने की बात कही। महिला जिलाध्यक्ष कृष्णा शर्मा ने पति-पत्नी दोनों शिक्षक होने की दशा में एक की ड्यूटी लगाने का , साथ ही जिनके एक वर्ष से छोटा बच्चा है उस महिला शिक्षिका को ड्यूटी मुक्त रखने का निवेदन किया। जिला कोषाध्यक्ष हेमंत दवे ने किसी निर्दिष्ट विद्यालय में ड्यूटी का आदेश लेने के लिए बुलाने की जगह पीडीएफ फाइल द्वारा मल्टीमीडिया का उपयोग कर ड्यूटी आदेश देने के लिए कहा। उपाध्यक्ष पंकज शर्मा ने जिनकी सेवानिवृत्ति में दो वर्ष से कम समय बचा है उन्हे ड्यूटी मुक्त रखने का निवेदन किया।

### मॉल के कार्मिकों पर चोरी का आरोप

**जोधपुर , (कासं)।** शहर के सरस्वती नगर स्थित एक निजी मॉल में काम करने वाले कुछ कर्मचारियों पर स्टोर रूम से सामान चुराकर ले जाने का संदेह जताते हुए पुलिस में मामला दर्ज करवाया गया है। स्टोर रूम में माल कम पाए जाने पर कर्मचारियों पर शक गहराने पर अब केस दर्ज कराया गया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अब पड़ताल आरंभ की है। सर्किट हाउस रोड पर रहने वाली सरिता राठौड़ की तरफ से भगत की कोठी थाने में केस दर्ज करवाया गया है। रिपोर्ट के अनुसार वह सरस्वती नगर में एक निजी मॉल में बतौर मैनेजर कार्यरत है। यहां स्टोर रूम में माल की ऑडिट जांच करने पर पता लगा कि माल काफी मात्रा में कम है। जिसमें घरेलु यूज का सामान है। रिपोर्ट में आरोप है कि मॉल में काम करने वाले शौकत अली, अमित अली, राहुल एवं गगन ने मिलकर यह कारस्तानी की है। यह लोग फायर एग्जिट से सामान बाहर ले जाते हुए पकडे गए। मॉल से शैंपू, सर्फ, नामी कंपनी का घी के डिब्बे, चॉकलेट, ड्राई फूरट इत्यादि है। बाद में जब स्टोर रूम की चैकिंग की गई तो काफी माल कम पाया गया। पिछले छह से माल गायब होना प्रतीत हुआ है। नामजद लोग पिछले चार साल से यहां मॉल में काम कर रहे थे।

### मोबाइल चोरी का खुलासा, तीन पकड़े

**जोधपुर , (कासं)।** शहर के पाल रिको चतुर्थ चरण में आई एक फैक्ट्री में चोरों ने दो दिन पहले सैंध लगाकर श्रमिकों के चार-पांच फोन चुरा लिए। एक पीड़ित ने इस बारे में बोरानाडा थाने में रिपोर्ट दी थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अब तीन आरोपियों को पकड़ा है। जिनसे मोबाइल बरामदगी किए गए है। बोरानाडा पुलिस ने बताया कि मूलतः उत्तरप्रदेश हाल रिको चतुर्थ फेज स्थित एक फैक्ट्री में काम करने वाले श्रमिक रफीकुल आलम की तरफ से रिपोर्ट दी गई थी। इसमें बताया कि वह अपने कुछ साथियों संग काम करता है। फैक्ट्री में उसका और उसके चार पांच साथियों के मोबाइल फोन अज्ञात शख्स चुरा कर ले गए। मामले की जांच कर रहे एएसआई दमाराम ने मामले का खुलासा करते तीन आरोपियों को पकड़ा है। इसमें खुडाला झंवर निवासी रविंद्र उर्फ रविनाथ उर्फ खलानाथ पुत्र मोहननाथ, भाद्राजून बांकली जालोर हाल बोरानाडा निवासी करणनाथ पुत्र शेषनाथ एवं नारनाडी बोरानाडा निवासी राजूनाथ पुत्र स्वामीनाथ को पकड़ा गया है। आरोपियों के पास से चोरी के मोबाइल जब्त किए जाने के साथ पूछताछ की जा रही है।

### अष्टम राष्ट्रीय पोषण माह 2025 शुरू

**जोधपुर , (कासं)।** अष्टम राष्ट्रीय पोषण माह 2025 का शुभारम्भ कलेक्ट्रेट परिसर में हुआ। अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय सुरेन्द्र राजपुरोहित, महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक समदर सिंह भाटी तथा अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद गणपत लाल सुथार ने संयुक्त रूप से हरी झण्डी दिखाकर पोषण रैली को रवाना किया और माहभर चलने वाले इस अभियान की शुरुआत की। जिला समन्वयक पोषण अभियान कानाराम ने बताया कि पोषण रैली कलेक्ट्रेट से प्रारम्भ होकर पावटा सैटेलाइट अस्पताल पहुँची। यहां स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित हुआ। इस दौरान प्रधानमंत्री द्वारा धार (मध्यप्रदेश) से राष्ट्रीय स्तर पर हुए अष्टम पोषण माह शुभारम्भ कार्यक्रम का सीधा वेबकास्ट देखा गया और उनके संबोधन को सुना गया।

### युवक ने दी जान, पत्नी व साले पर केस

**जोधपुर , (कासं)।** शहर के प्रतापनगर सदर थाना क्षेत्र तुलसी कॉलोनी में अपने ससुराल में रहने वाले एक युवक ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक की बहन ने पत्नी, साले आदि पर आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित किए जाने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजन के सुपुर्द कर दिया। अठिाम अनुसंधान जारी है। थाने के एसआई देवाराम ने बताया कि बीकानेर की रानी बाजार की रहने वाली सोना बानो पत्नी मो.सलीम की तरफ से रिपोर्ट दी गई है। इसमें बताया कि उसका भाई इकबाल हुसैन की शादी 17-18 साल पहले शहनाज के साथ हुई थी। वह अपने साले युसुफ के पास में ही रहता था। उसके तीन बच्चें भी है। रिपोर्ट में आरोप है कि पत्नी शहनाज और साला युसुफ उसे तंग और परेशान करते थे जिससे पीड़ित होकर उसने 15 सितंबर फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। एसआई देवाराम के अनुसार मामला दर्ज किया गया है, अग्रिम जांच की जा रही है।

# ए.आई. तकनीक व महिला सुरक्षा पर फोकस : डी.जी.पी. शर्मा

**जोधपुर , (कासं)।** प्रदेश के पुलिस कप्तान राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि पुलिसिंग में सुधार के साथ तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा, साथ ही महिला सुरक्षा पर पुलिस का फोकस रहेगा। पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी प्राथमिकताओं को सर्वोपरि रख कार्य करेगी। उन्होंने तकनीक के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर भी जोर दिया। वे आज जोधपुर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

पुलिस कप्तान राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि मुख्यालय की प्राथमिकताओं के आधार पर पुलिस कार्य कर रही है। पुलिस मुख्यालय जिन मुद्दों को प्राथमिकता देता है, उन्हीं के आधार पर पुलिस कार्य कर रही है। पुलिसकर्मियों को अवकाश की सुविधा भी अब नियमित तौर शुरू करने का प्रावधान किया गया है। ड्यूटी और आवश्यकता के आधार पर पुलिसकर्मियों को नियमित रूप से अवकाश देने का प्रावधान किया गया है, जिससे उनकी कार्य क्षमता और मानसिक संतुलन बना रहे।

डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि साइबर अपराध पर नियंत्रण के लिए तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के माध्यम से साइबर अपराधों पर नियंत्रण के प्रयास किए जा रहे हैं। आधुनिक संसाधनों का पूरा उपयोग किया जा रहा है। सीसीटीवी नेटवर्क को सुदृढ़ किया जा रहा है। थानों को सीसीटीवी से जोड़ा जा रहा है और प्रमुख चौराहों को कवर करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

डीजीपी शर्मा ने पत्रकारों को बताया कि पुलिस महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष तौर पर फोकस कर रही है। इसके लिए महिला सुरक्षा और संवाद आरंभ किया गया है। इससे महिला अपराधों में गिरावट देखने को मिल रही है। महिला पुलिस टीमों द्वारा आम महिलाओं से संवाद स्थापित कर एक सकारात्मक माहौल बनाया जा रहा है।

पुलिस कप्तान शर्मा ने कहा कि जहां महिलाएं असुरक्षित महसूस करती हैं, वहां पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश अपनी टीम के साथ जाकर चिन्हीकरण करेंगे। साथ ही ट्रैफिक नियंत्रण में जनभागीदारी जरूरी है। इसके लिए ट्रैफिक नियमों का पालन स्कूल और परिवार से शुरू होता है। केवल चालान करना उद्देश्य नहीं, बल्कि लोगों की मानसिकता बदलना जरूरी है। वहीं झूठे मुकदमे दर्ज कराने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी क्योंकि इससे पुलिस का समय बर्बाद होता है और राज्य की छवि खराब होती है।

उन्होंने पत्रकारों के सवाल जवाब पर कहा कि घरों में रखे जाने वाले नौकरों और किरायेदारों के सत्यापन को लेकर पुलिस गंभीर है, जिससे अपराध की रोकथाम की जा सके। पुलिस विभाग में पदोन्नित और गैलंट्री अवॉर्ड्स को लेकर सभी नियमों का पालन किया जा रहा है, जिससे निष्पक्षता के साथ पारदर्शिता बनी रहे।

# डी.आर.एम. ने स्वच्छता रैली को दिखाई हरी झंडी

**जोधपुर , (कासं)।** उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर मंडल में स्वच्छता ही सेवा के तहत "स्वछोत्सव 2025 का शुभारंभ हुआ। राष्ट्रिपता महात्मा गांधी के जन्म दिवस के अवसर पर उनके स्वच्छता संकल्प को साकार करने के लिए प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी यह अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है।

स्वच्छता में लगातार अग्रणी जोधपुर मंडल, भारतीय रेलवे पर उत्कृष्ट कार्य के लिए पहचाना जाता है।

मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी के निर्देशन में प्रारंभ हुए इस पखवाड़े के तहत जोधपुर सिटी स्टेशन पर स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। डीआरएम त्रिपाठी ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा रेलकर्मियों एवं यात्रियों को संबोधित करते हुए कहा स्टेशन को जनता के अनुरूप स्वच्छ रखना हमारा कर्तव्य है। यह जिम्मेदारी हम सबकी है कि जिस स्टेशन पर हम कार्य करते हैं, उसे हमेशा स्वच्छ बनाए रखें।

इस अवसर पर स्टेशन परिसर में अधिकारियों, कर्मचारियों, रेल यात्रियों तथा विभिन्न स्टाफ के साथ मंडल रेल प्रबंधक ने स्वच्छता की शपथ दिलाई। स्काउट एवं गाइड के दल ने कर्मचारियों व यात्रियों के साथ कदमताल करते हुए स्वच्छता संकल्प रैली निकाली।

उत्तर पश्चिम रेलवे जोधपुर रेल मंडल सिटी स्टेशन सहित मंडल के नागौर, बाड़मेर, भगत की कोठी, तथा करेज डिपो और मेड़ता रोड डेमो शेड कार्यालयों और स्टेशनों पर स्वच्छता अभियान शुरू किया गया। उल्लेखनीय है कि 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़े के दौरान प्रतिदिन अलग-अलग थीम पर कार्यक्रम आयोजित होंगे। यात्रियों में जागरूकता फैलाने के लिए नुक्कड़ नाटक सहित विभिन्न गतिविधियाँ भी आयोजित की जाएंगी।

कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक राकेश कुमार, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (ई/एनएचएम) जोगेंद्र मीणा, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अभिषेक गांधी, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विकास खेड़ा सहित बड़ी संख्या में रेलकर्मी एवं स्काउट-गाइड उपस्थित रहे।

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान शुरू

**जोधपुर , (कासं)।** संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने बुधवार को जिला अस्पताल पावटा में जिला स्तरीय 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान' का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रव्यापी शुभारंभ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया।

इस अवसर पर पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार मातृशक्ति के बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा आज देश की आधी आबादी को स्वस्थ एवं सुरक्षित जीवन के राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा वर्ष 2047 तक विकसित भारत और विकसित राजस्थान के निर्माण में हमारी मातृशक्ति अठाणी भूमिका निभायेगी।

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान के तहत महिलाओं एवं किशोरियों के ब्लड प्रेशर,डायबिटीज़ की जांच और कैंसर जैसी बीमारियों की शुरुआती पहचान,गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच, बच्चों के लिए टीकाकरण, मासिक धर्म स्वच्छता और पोषण से जुड़ी जानकारी एवं परामर्श दिया जाएगा। उन्होंने कहा अभियान में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का विशेष पंजीकरण,मातृ एवं शिशु सुरक्षा कार्ड, आयुष्मान वय वंदना कार्ड एवं सिकल सेल कार्ड का वितरण, एनीमिया, सिकल सेल,टीबी की जांच और आभा आईडी पंजीकरण किया जाएगा।

पटेल ने जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान डेंटल सर्जरी वार्ड, डेंटल ओपीडी, एनसीडी क्लीनिक, चर्म रोग ओपीडी वार्ड का अवलोकन किया। उन्होंने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त भारत अभियान की दिशा में टीबी मुक्त जोधपुर का लक्ष्य हासिल करें।

इस दौरान संसदीय कार्य मंत्री ने सरकार के योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने मरीजों से संवाद कर निःशुल्क दवा और जांच एवं अन्य सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया।

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुरेंद्र सिंह शेखावत, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ महेंद्र कछावा,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कुलबीर चोपड़ा, जगदीश देवासी, राकेश बिश्नोई आदि उपस्थित रहे।

## जोराराम ने निरीक्षण किया

**पाली, (नि.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को सेवा पखवाड़े के अंतर्गत ग्रामीण सेवा शिविरों का शुभारंभ स्थानीय विधायक व पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने किया।

इसके बाद मंत्री जोराराम कुमावत ने विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत जवाई बांध व कोलीवाड़ा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविरों का निरीक्षण कर आमजन की समस्याओं को सुना और उनका समाधान मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया। मंत्री कुमावत ने बताया कि इन शिविरों में राजस्व प्रकरणों सहित योजनाओं में पात्र लोगों को मौके पर ही लाभान्वित किया गया।

कोलीवाड़ा में उप सरपंच अर्जुन सुथार, कैलाश सुथार, प्रशासक तीजा देवी, बीडीओ प्रमोद दवे, तहसीलदार दिनेश आचार्य आदि मौजूद रहे।

# धीमा कार्य परेशानी बना

**गुड़ामालानी, (निसं)।** गुडामालानी ग्राम पंचायत से नगरपालिका बनने पर लोगों में खुशी का माहौल बन गया था। अब यह धीमा गति का विकास दुकानदारों एवं यात्रियों के लिए बड़ी भारी परेशानियां का सबब बनकर रह गया है।

गुड़ामालानी नगरपालिका बनने पर विकास कार्य शुरू हुआ। जिसमें अहिंसा सर्किल से लगाकर महात्मा गांधी विद्यालय तक सीसी सडक बनी। उसके बाद सडक के किनारे बडे नाले का कार्य शुरू हुआ जो वर्तमान में चल रह है। सडक कार्य के चलते यात्रियों को बस सेवा के लिए अहिंसा सर्किल जाना पडता है । सडक बनने के बाद भी रोडवेज बस सेवाएं कस्बे के अन्दर से नहीं होकर अहिंसा सर्किल से होकर निकल जाती है । ऐसे में यात्रियों जितना किराया बस में लगता वो किराया एक आधा किलोमीटर दूरी का देकर यात्रा करने पर मजबूर है ओर अभी तक यही हालत है।

दूसरी ओर सडक के किनारे बन रहें नाले का कार्य धीमी गति से चलने के कारण दुकानदारों को अपने प्रतिष्ठान बंद रखने पड रहे या फिर मजबूर होकर व्यापार करना पड़ रहा है।ऐसे में यात्रियों एवं दुकानदार व्यापारीयों के लिए यह विकास बडा परेशानियां का सबब बनकर रह गया है । सडक ओर नाले का कार्य शुरू हुआ उस दिन से बाजार में व्यापार करने वाले व्यापारीयों कि हालत खस्ता हो रही है।

# कांग्रेसजनों ने हस्ताक्षर अभियान पर चर्चा की

**जालोर, (कासं)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक एवं हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम को लेकर 17 सितम्बर को जिला प्रभारी सुमन यादव के मुख्य आतिथ्य,पूर्व मंत्री सुखराम विश्नोई एवम जिलाध्यक्ष भवरलाल मेघवाल की अध्यक्षता में राजीव गांधी भवन जालोर में आयोजित हुआ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रदेश महासचिव एवम जिला प्रभारी सुमन यादव ने कहा कि देश भर में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में वोट चोरी के खिलाफ जन आंदोलन चलाया जा रहा है।

इस अवसर पर उन्होंने समस्त कांग्रेसजन से आग्रह किया कि वह अपने अपने बूथ में गलत नामो को हटवाने एवम सही नामो को जुडवाने का कार्य करे। उन्होंने पीसीसी द्वारा भेजे गये प्रारुप में समस्त कांग्रेसजन के हस्ताक्षर करवाकर अभियान की जिला स्तरीय आगाज किया।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि आगामी दिनों में यह अभियान ब्लॉक,मंडल एवम बूथ स्तर पर चलाया जाएगा।

कार्यक्रम को आहोर कांग्रेस प्रत्याशी सरोज चौधरी, जालोर कांग्रेस प्रत्याशी रमिला मेघवाल, पूर्व विधायक हीरालाल विश्नोई, पीसीसी सदस्य सवाराम पटेल,प्रदेश महासचिव उम सिंह राठौड ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत ने किया।

कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव नैन सिंह राजपुरोहित, प्रदेश सचिव शहजाद अली, जिला संगठन महासचिव वीरेंद्र जोशी, जितेंद्र कसाना, भाद्राजून ब्लॉक अध्यक्ष गलबराम मीणा, आहोर ब्लॉक अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह डोडियाली, भोमाराम मेघवाल,जीव सिंह राजपूत, शैलेन्द्र देवासी,जीवाराम चौहान, ईशराराम विश्नोई, जुल्फिकार अली, ममता जैन, हिन्दू सिंह दूठवा, रमेश सोलंकी, मदनलाल दहिया, आम सिंह परिहार,जगदीश चौधरी, बसंत सुथार, लक्ष्मण सांखला,कुशल सिंह राजपुरोहित, सोनाराम मेघवाल,आलम खान खेतलावास,मांगीलाल भील, गोपाल देवासी, दीपाराम मेघवाल, नरपत सिंह देवडा,जोगेंद्र सिंह, इंदू परिहार, जुबैदा बानो, मिश्रीमल गहलोत, देवाराम सांखला, चतराराम सुथार, दीपक थांवला, अनिल पंडत, सुरेश मेघवाल, पुखराज निम्बला,शंकर अग्रवाल, जोगाराम सरगरा,पुखराज माली, ओमप्रकाश चौधरी,साकिर खान,दिनेश बंजारा,ईश्वर सिंह बालावत सहित कई जने उपस्थित थे।

# पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया चौरड़िया भवन पहुंचे

- कटारिया बुधवार जैन संतों के दर्शनाथ पहुंचे

**जोधपुर, (कासं)।** पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया बुधवार को भगवंतों के दर्शनार्थ जोधपुर के चौरड़िया भवन पहुंचे।

उन्होंने गुरुदेव सुमति मुनि मसा आदि ठाणा के दर्शन कर गुरु भगवंतो से बोध प्राप्त कर मांगलिक श्रवण किया। इस अवसर पर राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया का संघ अध्यक्षत देवराज बोहरा में साफा पहनाकर, मंत्री माणकचंद्र ललवानी ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर उगमराज कोठारी ने सामायिक उपकरण तथा अशोक बोहरा ने जिनवाणी में आनन्द आवै नामक पुस्तक भेंट कर कटारिया का अभिनंदन किया।

रवि बोहरा ने तिलक लगाकर, गौतम खिंवसरा एवं धर्मेश रूटिया ने शाल ओढ़ाकर तथा सुश्रावक प्रसन्नचंद मेहता, जसवंत राज मेहता, प्रकाश भंसाली, राजेन्द्र लुणिया, मुकेशु मुथा, किशोरमल बोहरा, अमृत लालवाणी, पारसमल पालगोता ने माला पहनाकर स्वागत किया। राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने संघ के प्रति सद्भावना प्रकट की। इससे पूर्व सुमति मुनि ने आज अपने प्रवचन में बताया कि शरीर की लाचारी को छोड़ कर आत्मा का ध्यान रखना चाहिए। हमारी कोई गलती बताकर हम पर उपकार कर रहा है। हमारी गलती हो या नहीं हो हमको कर्म क्षय का अवसर प्रदान किया है। हम भाव अपना कर स्थिर रह सकते हैं। हमको जब भी समय मिले हमको प्रतिकुल परिस्थितियों, व्यक्तियों के मध्य रहकर करुणाभाव अपना कर स्थिर रह सकते हैं।

दूसरी तरफ साध्वी श्री ने अपने संबोधन में कहा कि जिसको अपने आप बोध होता है वह निसर्ग रुचि है एवं जिनको उपदेश सुन कर धर्म रुचि बढ़े वह अभिगम रुचि है। छदमस्थ के लिए कभी व्यवहार निभाना पड़ता है। आप किसी के प्रति तिरस्कार, घृणा, हीन भावनानहीं रखे।

आज ब्यावर संघ ने सुमति मुनि से नववर्ष एवंआगामी चार्तुमास प्रवास की विनती की। अखिल भारतीय संघ के महामंत्री प्रकाश बोहरा गुरूभगवतों के दर्शन के लिए जोधपुर पहुंचे।

## रक्तदान शिविर आयोजित

**जैसलमेर, (नि.सं.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वे जन्मदिन पर बुधवार को श्री जवाहर चिकित्सालय में भाजपा कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। रक्तदान अभियान के संयोजक व युवा मोर्चा अध्यक्ष उदयसिंह बडोडागाव ने जानकारी देते हुवे बताया कि जिलाध्यक्ष दलपत हिंगड़ा, जिला उपाध्यक्ष

प्रेमसिंह सुल्ताना, जिला महामंत्री मनोहरसिंह दामोदरा व सुरेशकुमार सुथार, जिला मंत्री कंवराजसिंह चौहान, कुलदीपसिंह, तेजसिंह, इंद्रजीतसिंह, गोमाराम, उम्मेदाराम, राजकुमार ने अपना रक्तदान किया।

**सम्मन बनाम मुदायलाह बिनावर कायमी तनकीहात**
अज अदालत :-श्रीमान सहायक कलेक्टर महोदय जालोर
पीठासीन अधिकारी :- श्री मनोज गोदारा
वाद संख्या- RS56/84
बअनवान भगाराम बनाम खीमाराम वगैरा
प्रतिवादीगण:-
1. गटाराम पुत्र टीकमा राम, 2. गोपाराम पुत्र हीरा राम, 3. चेलाराम पुत्र टीकमा राम, 4. जोराराम पुत्र हीराराम, 5. दरगाराम पुत्र टीकमाराम, 6. फुली पत्नि टीकमा राम,जाति -कलबी, निवासी - ऐलाणा, के कायम मुकाम 6/1:- दरगाराम पुत्र टीकमा राम, 6/2:- चैलाराम पुत्र टीकमा राम, 6/3:- गटाराम पुत्र टीकमा राम, 6/4:- हंजा देवी पुत्री टीकमा राम, जाति - कलबी, निवासी -ऐलाणा, तहसील - जालोर , जिला - जालोर । जरिये हाजा इत्तला दी जाती है कि, वादी ने एक वाद - पत्र बंटवाडा एवं स्थाई निषेधाज्ञा एवं प्रार्थना - पत्र पेश किया है, जो इस अदालत में दर्ज रजिस्टर की गई, जिसमें नोटिस में वर्णित प्रतिवादीगण की तामिल बाकि है, जिस हेतु तारिख 08.10.25 को पेशी इस अदालत तें पुनः सुनवाई के लिए मुकर्रर की गई है, अगर आपकी तरफ से आप खुद, आपका वकील और कोई शख्स कानूनन इस वाद एवं प्रार्थना - पत्र की आपकी तरफ से पैरवी कर सकता हो, हाजीर नही हुआ तो आपकी अदम मौजुदगी में वाद पत्र एवं प्रार्थना पत्र सुनकर फैसला किया जायेगा । बसिब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 17 माह 09 सन 2025 को जारी किया गया ।
मोहर
सहायक कलेक्टर
(एस.डी.ओ) जालोर

**कार्यालय नगर परिषद जालोर (राजस्थान)**
( अस्पताल चौराहा, जोधपुर रोड, जालोर -343001 )
Tel. (02973) 222270 E-mail : mbjalore24@yahoo.in
क्रमांक:- नपजा/राजस्व/2025/4254 दिनांक : 16/09/2025
॥ आपत्ति विज्ञप्ति ॥
श्री ईशाक मोहम्मद पुत्र जानमोहम्मद , जाति - मुसलमान, निवासी - अरट का जाव, बालोतरा रोड सिवाना जिला - बालोतरा ने एक भुखण्ड / मकान के नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है । उक्त भुखण्ड जालोर खास में भीनमाल रोड पर अन्दर की तरफ स्थित माली समाज छात्रावास के पास वरीम नगर जालोर में भूखण्ड आया हुआ है जिसका पट्टा कार्यालय नगरपालिका जालोर द्वारा जरिये लीज डीड सं. 40/2002 दिनांक 14.02.2002 को जगदीश प्रसाद पुत्र चन्दनमल अग्रवाल के नाम से जारी किया गया है ततपश्चात् श्री ईशाक मोहम्मद पुत्र जान मोहम्मद का आवासीय प्लॉट सं.- 51 का क्षेत्रफल 980 वर्गफीट का अपने नाम से नामांतरण चाहा गया है । उक्त आवासीय प्लॉट पडौस एवं चतुर्सीमा निम्न प्रकार है :-
उत्तर :- प्लॉट सं. 52, यह भुजा 49 फीट है ।
दक्षिण :- प्लॉट सं. 50, यह भुजा 49 फीट है ।
पूर्व :- प्लॉट सं. 58, यह भुजा 20 फीट है ।
पश्चिम :- 30 फीट चौडा आम रास्ता, यह भुजा 20 फीट है ।
अतः सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो उक्त सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज साक्ष्य सहित निम्नहस्ताक्षकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है । निर्धारित समयावधि के पश्चात प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी। इस प्रकरण से संबंधित प्रार्थना पत्र व संलग्न दस्तावेजों का अवलोकन किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय समय के दौरान इस कार्यालय के राजस्व अनुभाग में आकर किया जा सकेगा ।
अवगत रहें।
आयुक्त
नगर परिषद, जालोर

(राजस्थान सरकार)
**कार्यालय नगर परिषद, जालोर (राजस्थान)**
अस्पताल चौराहा, जोधपुर रोड जालोर ( राज. ) पिन नं. 343001
क्रमांक: नपजा/भूमि नियमन/2025/ 03 दिनांक: 17.09.2025
-:: आपत्ति विज्ञप्ति ::-
श्री मांगीलाल राजपुरोहित पुत्र श्री हजारीमल राजपुरोहित, जाति -राजपुरोहित, निवासी-भीनमाल बाई पास रोड, गली में स्थित आदर्श नगर जालोर ने एक भुखण्ड / मकान के नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है

| क्र. सं. | पट्टा विलेख | भुखण्ड स्थिति | क्षेत्रफल | हस्तांतरण का जरिया | आस- पडौस |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पट्टा सं.- 65 जारी दिनांक- 22.10.82 | भीनमाल बाईपास रोड, आदर्श नगर जालोर | 60 X 40 = 2400 वर्गफीट | बेचाननामा | उत्तर- आईदनमल का प्लॉट<br>दक्षिण- 20 फीट चौडा रास्ता<br>पूर्व- 15 फीट चौडा रास्ता<br>पश्चिम -15 फीट चौडा रास्ता |

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस संबध में किसी को कोई आपत्ति हो तो उक्त सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अवधि में अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज साक्ष्य सहित निम्नहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है । निर्धारित समयावधि के पश्चात् पस्तुत आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी । इस प्रकरण संबधित प्रार्थना पत्र व संलग्न दस्तावेजों का अवलोकन किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय समय के दौरान इस कार्यालय के राजस्व अनुभाग मे आकर किया जा सकेगा ।
आयुक्त
नगर परिषद् जालोर

(राजस्थान सरकार)
**कार्यालय नगर परिषद, जालोर (राजस्थान)**
अस्पताल चौराहा, जोधपुर रोड जालोर ( राज. ) पिन नं. 343001
क्रमांक: नपजा/भूमि नियमन/2025/ दिनांक:
-:: आपत्ति विज्ञप्ति ::-
श्रीमती फैन्सी देवी हिराणी पत्नी श्री देवीचन्दजी हीराणी, जाति -जैन, निवासी रेवतडा, तहसील सायला, जिला जालोर ने एक भुखण्ड / मकान के नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है ।

| क्र. सं. | पट्टा विलेख | भुखण्ड स्थिति | क्षेत्रफल | हस्तांतरण का जरिया | आस- पडौस |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पट्टा नम्बर- 691 जारी दिनांक- 19.08.1988 | खसरा नम्बर - 1022/4,लक्ष्मी नगर जालोर प्लॉट सं.-77 | 60 X 45 = 2700 वर्गफीट | बेचाननामा | उत्तर- प्लॉट संख्या - 78<br>दक्षिण- 15 फीट चौडा रास्ता<br>पूर्व-प्लॉट संख्या -72<br>पश्चिम -15 फीट चौडा रास्ता |

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस संबध में किसी को कोई आपत्ति हो तो उक्त सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अवधि में अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज साक्ष्य सहित निम्नहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है । निर्धारित समयावधि के पश्चात् पस्तुत आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी । इस प्रकरण संबधित प्रार्थना पत्र व संलग्न दस्तावेजों का अवलोकन किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय समय के दौरान इस कार्यालय के राजस्व अनुभाग मे आकर किया जा सकेगा ।
आयुक्त
नगर परिषद् जालोर

# नंदिनी राजपुरोहित ने शूटिंग प्रतियोगिता जीती

**जालोर, (कासं)।** 69 वी जिला स्तरीय राईफल शूटिंग प्रतियोगिता में सेम्फार्ड फयूचरिस्ट स्कूल जालोर की छात्रा नंदिनी राजपुरोहित ने स्वर्ण पदक जीता।

जालोर में आयोजित जिला स्तरीय राईफल शूटिंग प्रतियोगिता के दस मीटर ओपन राईफल में प्रथम स्थान नंदिनी राजपुरोहित पुत्री केसरसिंह राजपुरोहित, द्वितीय स्थान राउमावि वापा चितलवाना की छात्रा दिव्या पुत्री सुखदेवसिंह व तृतीय स्थान सेम्फार्ड स्कूल की छात्रा दिव्य पुत्री राजेन्द्रसिंह ने प्राप्त किया।

वही जिला स्तरीय शूटिंग राइफल प्रतियोगिता 14 वर्ष छात्र-छात्रा की प्रतियोगिता का समापन जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा मुख्यालय जालौर भंवरलाल परमार के मुख्य आतिथ्य और जबरसिंह देवडा अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। विशिष्ट अतिथि के तौर पर राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के जिला सह संगठन मंत्री गणपतसिंह मंडलावत उपस्थित रहे। सरस्वती दीप प्रज्वलन से प्रारंभ हुए कार्यक्रम में खिलाडियों ने अतिथियों को सलामी दी और मुख्य अतिथि परमार ने सभी खिलाडियों को खेल भावना से खेल कर राज्य स्तर पर अपना नाम रोशन करने की सीख दी। प्रतियोगिता संयोजक गणपतसिंह मंडलावत ने बताया कि चार दिन तक चली इस प्रतियोगिता में परिणाम अनुसार 10 मीटर ओपन राइफल छात्र वर्ग में इलियास खान स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल रानीवाडा, कुलदीप पांचाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लाखावास रानीवाडा, लक्ष्य राठौर राउमावि. लाखावास रानीवाडा 10 मीटर ओपन राइफल छात्रा वर्ग में नंदिनी शैंफर्ड स्कूल जालौर,दिव्या राउप्रावि वापा चितलवाना,दिव्यश्री सेम्फोर्ड स्कूल जालोर 10 मीटर एयर राइफल छात्र वर्ग में प्रत्यूष साहू द गुरुकुलम आजोदर रानीवाडा, रुद्रप्रतापसिंह संस्कार विद्या मंदिर पोषाणा सायला, प्रदीपसिंह भवानीसिंह राठौड सेंट पॉल स्कूल जालोर 10 मीटर एयर राइफल छात्रा वर्ग में भाग्यश्री राठौड सेंट पॉल स्कूल जालोर, प्रतिभा चौधरी विनायक फाउंडेशन एकेडमी जालोर, रचनाकंवर राउप्रावि वापा चितलवाना 10 मीटर पिस्टल छात्र वर्ग मे हैप्पी बिश्नोई पातालेश्वर स्कूल कोटडा, वीराराम मातरिया मामाजी का थान धूमबडिया बागोडा, आशुसिंह राउप्रावि रामपुरा की ढाणी रानीवाडा 10 मीटर पिस्टल छात्रा वर्ग में हितांशी गोठवाल पुत्री श्रीराम विनायक फाउंडेशन एकेडमी जालौर, ललिताकंवर मयूराक्षी इंग्लिश अकैडमी मालवाडा, रुचिका विनायक फाउंडेशन एकेडमी जालोर ने क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। अतिथियों द्वारा सभी शूटर्स खिलाडियों को स्मृति चिह्न और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कुल प्राप्त स्कोरिंग के अनुसार हैप्पी बिश्नोई और भाग्यश्री राठौड को बेस्ट शूटर का अवार्ड प्रदान किया। समापन में उपस्थित अभिभावक गण रूघनाथराम, डॉ अजयपालसिंह, दलपतसिंह, विमल साहू, ऋतुराजसिंह,महोबतसिंह, भवानीसिंह, प्रकाश चौधरी, मुस्ताक खान, आशाराम, मंजू चौधरी सहित सभी गणमान्य जनों का विशेष आभार व्यक्त कर नवोदित खिलाडयिों को प्रोत्साहन और आयोजकों आत्मीय संबलन प्रदान किया। विनायक फाउंडेशन अकादमी की व्यवस्थापक दिनेश स्वामी और सुनील चौधरी ने सभी का स्वागत करते हुए विभाग का आभार व्यक्त किया। इस दौरान किरणसिंह कृष्णपाल सिंह भूपेंद्रसिंह राजू त्रिपाठी जयप्रकाश पनिया हितेशकुमार सहित निर्णायक मंडल के सदस्य अंकित बराला हरफुल जाट प्रहलादसिंह देवीसिंह और महावीरसिंह मेडतिया उपस्थित रहे।

## कलैक्टर ने बालिकाओं से संवाद किया

**पाली, (नि.सं.)।** जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता पाली के तत्वाधान में बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजनान्तर्गत 'कॉफी विद कलैक्टर' जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जिला परिषद सभागार में बुधवार को आयोजित हुआ कार्यक्रम में जिला कलैक्टर एलएन मंत्री ने जिला मुख्यालय की राजकीय व गैर-राजकीय विद्यालयों की 9 से 12 वीं की छात्राओं से संवाद में सवालो के जवाब दिये।

इस अवसर पर विभिन्न बालिकाओं द्वारा जिला कलक्टर से रोचक सवाल पूछे जिनका जिला कलैक्टर ने सहजता से उत्तर दिया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्यकार्यकारी अधिकारी महे.न्द्र मेहता ने मां कभी बहाना नही करती की रोचक कहानी सुनाई।

कार्यक्रम में प्रशिक्षु आईपीएस बिरजू गोपाल, जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्यकार्यकारी अधिकारी महेन्द्र मेहता, उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास के भागीरथ चौधरी, डॉ. सुमन चौधरी मौजूद रहे व विभिन्न स्कूलों की बालिकायें व अन्य लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम में बालिकाओं को जिला कलक्टर एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ संवाद का अवसर दिया गया। शैक्षिणक एवं गैर शैक्षिणक विषयो पर वार्तालाप हुआ।

## सार-समाचार

### सेवा पखवाड़ा के तहत रक्तदान शिविर

**जालोर**, (कासं)। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वे जन्मदिवस के अवसर पर प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार चलाये जा रहे सेवा पखवाडा के तहत भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित के नेतृत्व में बुधवार को जालोर ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। रक्तदान प्रकल्प के जिला सहसंयोजक एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट मुकेश राजपुरोहित ने बताया की जालोर जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के मुख्य आतिथ्य एवं सांसद लुम्बाराम चौधरी के विशिष्ट अतिथि एवं भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित के अध्यक्षता में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। जालोर सहित मेंगलवा, भीनमाल, सांचोर में भी सेवा पखवाडा के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिले भर में 209 यूनिट रक्तदान किया गया। कार्यक्रम में पूर्व उप राज्य मंत्री भूपेंद्र देवासी, सीएमएचओ भेराराम जाणी , पीएमओ वेदप्रकाश मीणा ,सेवा पखवाडा जिला संयोजक प्रकाश छाजेड, रक्तदान प्रकल्प के जिला सह संयोजक मुकेश राजपुरोहित, जिला महामंत्री गजेन्द्र सिंह सिसोदिया , जिला उपाध्यक्ष उदय सिंह दादाल,जिला मंत्री गीता बारोट,मीडिया प्रभारी अम्बालाल व्यास, जिला प्रवक्ता दिनेश महावर, सुरेश राजपुरोहित,जिला सोशल मीडिया संयोजक जोगेश सैन,रक्तदान प्रकल्प के विधानसभा संयोजक हेमेन्द्र सिंह बगेडीया सह संयोजक अचल सिंह परिहार, मगनाराम चौधरी, पूर्व जिला महामंत्री पुखराज राजपुरोहित, नगर मंडल अध्यक्ष रवि सोलंकी, सुरेश सोलंकी समेत संगठन पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### महंत प्रतापपुरी कई कार्यक्रमों में पहुंचे

**पोकरण**, (निसं)। विधानसभा क्षेत्र प्रवास के दौरान पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज ने विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। विधायक ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सांकडा में आयोजित 69वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 2025-26 (नेटबॉल, वुशू व कराटे) के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और खिलाडियों को संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर विधायक प्रतापपुरी ने ग्राम पंचायत सांकडा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर फल वितरण किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष हनुमान सिंह राङ्गौड सहित पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। 'सेवा पखवाडा' के अंतर्गत ग्राम पंचायत राजगढ में विधायक ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वहीं आज से शुरू हुए ग्रामीण सेवा शिविर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में आने वाले प्रत्येक ग्रामीण का कार्य उसी दिन पूरा किया जाए। सुबह 9.30 से शाम 6 बजे तक चलने वाले इन शिविरों में सरकारी योजनाओं के आवेदन व स्वीकृति, स्वास्थ्य सेवाएं, स्वामित्व योजना पट्टे वितरण, बीपीएल परिवारों का सर्वे, बिजली सुविधाओं में सुधार, स्वच्छता और वृक्षारोपण जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे। सरकार का संकल्प है कि हर गांव तक विकास, हर परिवार तक सुविधा और हर नागरिक तक राहत पहुंचे।

### ग्रामीण सेवा शिविर लोगों के लिए वरदान

**पोकरण**, (निसं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर राज्यभर में विशेष आयोजन किए गए। इसी क्रम में क्षेत्रीय विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज ने बुधवार को ओला और राजगढ ग्राम पंचायतों में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविरों का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने ग्रामीणों को स्वच्छता ही सेवा संकल्प के तहत शपथ भी दिलाई। विधायक ने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधा मिलेगा। हर पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में चरणबद्ध तरीके से ऐसे शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में भूमि विवादों का समाधान, स्वामित्व योजना के तहत पट्टों के आवेदन व वितरण, किसान एप द्वारा गिरदावरी, गरीबी मुक्त गांव योजना अंतर्गत बीपीएल परिवारों का सर्वे जैसी सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके अलावा स्वास्थ्य शिविर, पशुओं की जांच व टीकाकरण, यू.डी.आई.डी. कार्ड वितरण, बीज मिनी किट वितरण, वृक्षारोपण, मूल निवास व जाति प्रमाण पत्र जारी करना, लंबित फार्मर रजिस्ट्री का निस्तारण, जनहानि एवं पशुहानि मामलों में सहायता राशि स्वीकृति जैसे कार्य भी किए जा रहे हैं। महंत प्रतापपुरी महाराज ने कहा कि ग्रामीण सेवा शिविरों से अंत्योदय की संकल्पना साकार होगी और विकास कार्यों को नई गति मिलेगी।

### पीड़ित परिवार को न्याय की मांग

**गुड़ामालानी**, (निसं)। चौहटन पुलिस थाने में अपनी फरियाद लेकर पहुंचे एक परिवार के लोगों पर चौहटन थानाधिकारी सहित अन्य पुलिसकर्मीयो द्वारा मारपीट एवं अभद्र व्यवहार करने को लेकर गुडामालानी जैन समाज के लोगों ने उपखंड अधिकारी केशव कुमार मीणा को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन देकर निरपक्ष कार्रवाई करने की माग की। जैन समाज के समाज सेवी सुरेश बोथरा सहित समाज बन्धुओं ने ज्ञापन देकर बताया कि चौहटन पुलिस थाने में अपनी फरियाद लेकर पहुंचे परिजनों के साथ पुलिस ने उनकी सुनवाई करने के बजाय उन सदस्यों को पुलिस द्वारा मारपीट कर बंधक बनाकर रखना एवं अभद्र व्यवहार करना यह न्याय संगत है । पुलिस के इस रवैए को देखते हुए बाडमेर जिले भर में जैन समाज में भारी रोष है । एवं बताया कि परिवार को पुलिस सुरक्षा प्रदान कराने के साथ पुरे परिवार कि मेडिकल जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की। समय रहते उच्च अधिकारियों ने कार्यवाही नहीं की तो जैन समाज जिला स्तर पर धरना प्रदर्शन करने पर मजबुर होगा। ज्ञापन देने के दौरान शंकरलाल संखलेशा, भैरचद छाजेड,ओमप्रकाश बोथरा, समाजसेवी सुरेश बोथरा,युवा नेता भरत जैन,किशन बोथरा,सजय बोथरा, अशोक कुमार, सुरेश पारख, मितलेश धारीवाल,राहुल संखलेशा,नरेश बोहरा, पवन सिंघवी,जफर खान, गजेन्द्र दहिया आदि उपस्थित रहे।

### महेंद्र सोनी ने शिविर का निरीक्षण किया

**पोकरण**, (निसं)। प्रभारी सचिव (आईएएस) महेंद्र सोनी ने 17 सितम्बर को नगरपालिका पोकरण द्वारा आयोजित शहरी सेवा शिविर 2025 के मुख्य चरण के प्रथम दिवस पर वार्ड नंबर 19, शिवपुरा कच्ची बस्ती में पहुंचकर निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने लाभार्थियों को योजनाओं का प्रतिदान देकर प्रोत्साहित किया। कैंप में विद्युत विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रभारी सचिव ने सभी विभागीय कार्मिकों को आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नगर पालिका से संबंधित नामांतरण, निर्माण स्वीकृति, पट्टे और प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए। इस मौके पर पालिका अध्यक्ष मनीष पुरोहित, उपखण्ड अधिकारी लाखाराम चौधरी, वार्ड पार्षद सहित भारी संख्या में आमजन मौजूद रहे। प्रभारी सचिव महेंद्र सोनी ने उपस्थित नागरिकों से सरकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने और क्षेत्र को स्वच्छ रखने केलिए स्वयं पहल करने का आग्रह किया। कैंप प्रभारी ने बताया कि शहरी सेवा शिविर 2025 का दूसरा दिन भी वार्ड नंबर 19, शिवपुरा कच्ची बस्ती स्थित सभाभवन परिसर में आयोजित किया जाएगा।

### रणबीरेश्वर ठाकुर ने प्रथम स्थान पाया

**जोधपुर** , (कासं)। नई दिल्ली में इंडियन सोसाइटी ऑफ़ एनेस्थेशियोलॉजिस्ट दिल्ली ब्रांच द्वारा आयोित राष्ट्रीय स्तर की कॉन्फ्रेंस में डॉ एस एन मेडिकल कॉलेज जोधपुर के एनेस्थीसिया विभाग के पीजी छात्र डॉ रणबीरेश्वर ठाकुर ने पोस्टर प्रेजेंटेशन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं राम मनोहर लोहिया दिल्ली के छात्र ने दूसरा स्थान व अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान नई दिल्ली के छात्र ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं उदयपुर में आयोजित 16वी नेशनल एयरवे कांफ्रेंस में डॉ जेनिफर विल्सन ने पोस्टर प्रेजेंटेशन में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य डॉ बी एस जोधा, विभागाध्यक्ष डॉ राकेश कर्णावत, एवं अधीक्षक महात्मा गांधी हॉस्पिटल डॉ एफ एस भाटी, व अधीक्षक मथुरादास माथुर हॉस्पिटल डॉ विकास राजपुरोहित ने छात्रों को इन उपलब्धियों पर बधाई दी।

### गोलासन में स्वच्छता पखवाड़ा शुरू

**सांचोर**, (निस)। उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत गोलासन में स्वच्छता ही सेवा 2025 पखवाडे का शुभारंभ सरपंच जीवाराम चौधरी की अध्यक्षता में किया गया है। ग्राम विकास अधिकारी बिजलाराम देवासी ने बताया कि राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा पखवाडे का आगाज स्वच्छोत्सव -स्वच्छ भारत की पहल और स्वच्छ राजस्थान - स्वस्थ राजस्थान की थीम पर पखवाडे की शुरुआत की गई। इस दौरान पंचायत परिसर,पटवार घर, एवं पंचायत मुख्य रोड पर साफ-सफाई की गई है । स्वच्छता का संदेश दिया गया है। इस अवसर पर सगताराम चौधरी, हीराराम चौधरी, टिकमाराम हरनाथाराम सहित ग्रामीण जन मौजूद रहे।

# जालोर जिले में ग्रामीण व शहरी सेवा शिविरों का शुभारंभ

**जालोर**, (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में जिले में बुधवार को गांवों को आत्मनिर्भर, स्वच्छ, जागरूक और सशक्त बनाने तथा जनसहभागिता, सरकारी सेवाओं की सीधी पहुंच और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र ग्रामीणों तक पहुँचाने के लिए ग्रामीण सेवा शिविरों तथा नगरीय निकायों में रहने वाले नागरिकों को बेहतरीन सेवाएं उपलब्ध करवाने व उनके संबंधित प्रकरणों को मौके पर ही निस्तारित कर राहत प्रदान करने के लिए शहरी सेवा शिविरों का शुभारंभ हुआ।

राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने बुधवार को नगर परिषद जालोर के वार्ड संख्या 1 से 3 तक के लिए नगर परिषद सभागार में आयोजित शहरी सेवा शिविर का अवलोकन किया। उन्होंने विभागवार लगाई गई हेल्प डेस्क पर पहुँच अधिकारियों से किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी ली तथा आमजन से बातचीत कर उनकी समस्याओं के निस्तारण को लेकर फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि शहरी सेवा शिविरों के माध्यम से आमजन की समस्याओं के समाधान का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित आमजन से केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की बात कही। इस दौरान मुख्य सचेतक ने आमजन को भवन निर्माण के स्वीकृति पत्र वितरित किए। इस दौरान जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, जसराज राजपुरोहित, नगर परिषद आयुक्त दिलीप माथुर, राजस्व अधिकारी श्रवणराम सहित विभागीय अधिकारी-कार्मिक एवं बड़ी संख्या में शहरवासी उपस्थित रहे।

ज़िला के प्रभारी सचिव विश्वमोहन शर्मा व ज़िला कलक्टर डॉ. प्रदीप के.गावंडे ने आहोर तहसील के अगवरी व आईपुरा ग्राम पंचायत में आयोजित ग्राम सेवा शिविरों का निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाएं देखी।

प्रभारी सचिव विश्वमोहन शर्मा ने उपस्थित अधिकारियों को शिविर में आने वाले प्रत्येक लाभार्थी का मेडिकल चैकअप एवं स्क्रीनिंग, बीपी, शुगर जांच, टीबी स्क्रीनिंग सहित स्वास्थ्य की जांच किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों के टीकाकरण, मौसमी बीमारियों की रोकथाम, आईएमओ छिड़काव व पशुओं में वैक्सीनेशन किए जाने की बात कही। प्रभारी सचिव ने शिविर में लगाई गई हेल्प डेस्क पर जाकर अधिकारियों व कार्मिकों से विभागवार योजनाओं की जानकारी लेकर अधिक से अधिक ग्रामीणों को लाभांवित करने की बातक ही। उन्होंने अगवरी ग्राम पंचायत में आयोजित ग्राम सेवा शिविर में 28 प्रॉपर्टी कार्ड सहित पोषण कीट का वितरण किया। उहोंने उपस्थित किसानों को गिरदावरी एप के बारे में जानकारी मोबाइल पर डाउनलोड करवाया।

जालोर जिले में बुधवार को जालोर तहसील की आकोली व बागरा, आहोर तहसील की अगवरी व आईपुरा, भाद्राजून तहसील की रामा व बांकली, सायला तहसील की पांथेड़ी व उनड़ी, बागोड़ा तहसील की रंगाला व नवापुरा ध्वेचा, भीनमाल तहसील की राह व कोरा, जसवंतपुरा तहसील की पंसेरी व सावीधर, रानीवाड़ा तहसील की बड़गांव व रानीवाड़ा खुर्द, सांचौर तहसील की दांता व अरणाय एवं चितलवाना तहसील की चितलवाना व सिवाड़ा ग्राम पंचायत में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया गया। ग्रामीण सेवा शिविरों में आमजन को राजस्व विभाग द्वारा लंबित फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण करवाना, आपसी सहमति से विभाजन, किसान गिरदावरी एप डाउनलोड कराना एवं किसान गिरदावरी के लिए प्रेरित करना, नामांतरण, मूल निवास एवं जाति प्रमाण पत्र जारी करने, ग्रामीण विकास विभाग द्वारा बीपीएल परिवारों का सर्वे एवं विकास कार्यों की स्वीकृतियां जारी करने, पंचायती राज विभाग द्वारा स्वामित्व योजना के पट्टों हेतु आवेदन एवं वितरण, चिकित्सा विभाग द्वारा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य जांच, कैंसर व सिकल सेल रोग, स्क्रीनिंग, बच्चों का टीकाकरण, टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत जांच एवं पोषण किट वितरण तथा पीएमजेवाई कार्ड वितरण किया जाएगा। पशुपालन विभाग द्वारा पशु स्वास्थ्य शिविर और टीकाकरण, ऊर्जा विभाग द्वारा बिजली से जुड़ी समस्याओं का समाधान, कृषि विभाग द्वारा बीज मिनी किट वितरण तथा आयोजना विभाग द्वारा विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का क्रियान्वयन किया गया।

रसद विभाग द्वारा एनएफएसए के लंबित प्रकरणों का निस्तारण एवं पात्र परिवारों की आधार सीडिंग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, पालनहार योजना, मुख्यमंत्री घुमंतु आवास योजना, छात्रावासों का रखरखाव, यूडीआईडी कार्ड बनाने इत्यादि कार्य किए गए।

जिले में 18 सितम्बर को जालोर तहसील की बाकरा रोड़ व भागली सिंधलान, आहोर तहसील की अजीतपुरा व भंवरानी, भाद्राजून तहसील की वलदरा व पांचोटा, सायला तहसील की भूण्डवा व चौराउ, बागोड़ा तहसील की खोखा व राउता, भीनमाल तहसील की भागलसेफ्टा व नरता, जसवंतपुरा तहसील की भरूड़ी व मोदरा, रानीवाड़ा तहसील की कोटड़ा व भाटीप, सांचौर तहसील की धानता व भादरणा एवं चितलवाना तहसील की देवड़ा व निम्बाऊ ग्राम पंचायत में प्रात: 9.30 बजे से सायं 6 बजे तक ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया जायेगा। नगर परिषद जालोर के वार्ड संख्या 1 से 3 तक के लिए 18 सितम्बर, गुरूवार को नगर परिषद सभागार जालोर में शहरी सेवा शिविर का आयोजन किया जायेगा जिसमें नागरिकों के विभिन्न कार्य करने के साथ ही उनकी समस्याओं का समाधान किया जायेगा। सेवा पर्व पखवाडा के अन्तर्गत ग्रामीण सेवा शिविर-2025 के तहत बुधवार को ग्राम पंचायत आकोली, तहसील जालोर में शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में राज्य सरकार के निर्देशानुसार अंतिम व्यक्ति को लाभ पहुंचाने के लिए अनेक योजनाओं में विभिन्न विभागों द्वारा आमजन को लाभान्वित किया गया।

## जागरूकता कार्यक्रम हुए

**जोधपुर** , (कासं)। विश्व ओज़ोन दिवस के अवसर पर राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, क्षेत्रीय कार्यालय जोधपुर (ग्रामीण) के निर्देशानुसार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, दयालपुरा (फलोदी) एवं जे.आई.ई.टी. इंजीनियरिंग कॉलेज, जोधपुर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

क्षेत्रीय अधिकारी जोधपुर ठाामीण जगदीश चौधरी ने बताया कि दयालपुरा स्थित विद्यालय में विद्यार्थियों ने पोस्टर प्रतियोगिता और जागरूकता रैली में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य तेजकरण ने विद्यार्थियों को ओज़ोन परत के महत्व, इसे सुरक्षित रखने के उपायों तथा पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी के विषय में जानकारी दी। साथ ही सभी विद्यार्थियों को ओज़ोन संरक्षण के लिए शपथ भी दिलाई गई।

इसी क्रम में जे.आई.ई.टी. इंजीनियरिंग कॉलेज, जोधपुर में संगोष्ठी एवं प्रस्तुतीकरण का आयोजन हुआ। राज्य मंडल के वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी दीपक ओझा एवं सहायक पर्यावरण अभियंता कुणाल खत्री ने ओज़ोन परत के क्षरण के कारणों, उसके प्रभावों और रोकथाम के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने प्रश्नोत्तरी एवं विचार-विमर्श सत्र में सक्रिय भागीदारी निभाई।

## राष्ट्रपति अवार्ड प्राप्त करने वाले रोवर का सम्मान

**पाली**, (नि.सं.)। भारत स्काउट गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रपति रोवर अवार्ड की कढ़ी परीक्षा में उत्तीर्ण होकर गत 31 अगस्त को नई दिल्ली के भारतमंडपम में आयोजित राष्ट्रपति अवार्ड प्रमाण पत्र वितरण समारोह से राष्ट्रपति अवार्ड प्राप्त कर लौटे जिले के रोवर स्काउट विशाल का आज जिला कलेक्टर लक्ष्मी नारायण मंत्री ने प्रमाण पत्र प्रदान का सम्मानित किया इस अवसर पर सोहन लाल भाटी, सी ओ स्काउट गोविन्द मीना, सी ओ गाइड डिंपल दवे और अन्य स्काउट गाइड पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिला कलेक्टर ने रोवर को बधाई देते हुए सेवा ओर अनुशासन के साथ निरन्तर लक्ष्य की आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया तथा स्काउट गाइड की उत्कृष्ट गतिविधियों की प्रशंसा की।

राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय पाली के तत्वावधान में साथ दिवसीय कब एवं स्काउट यूनिट लीडर बेसिक कोर्स का आयोजन दिनांक 15 सितंबर से 21 सितंबर तक जिला प्रशिक्षण केंद्र बजरंगबाड़ी पाली में किया जा रहा है सात दिवस से आवासीय प्रशिक्षण शिविर में जिले के 96 विद्यालयों से 97 यूनिट लीडर सहभागिता एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

सी ओ स्काउट गोविन्द मीना ने बताया कि शिविर के तृतीय दिवस आज पूर्व सहायक निदेशक पाली सोहन लाल भाटी ने शिविर का अवलोकन किया एवं सांसद खेल महाकुंभ में अधिकाधिक पंजीकरण करवाने हेतु सभी संभागियों को प्रेरित किया।

स्काउट यूनिट लीडर प्रशिक्षण शिविर के संचालक पुरुषोत्तम पूरी गोस्वामी और आलोक शर्मा ने इस अवसर पर सभी संभागियों द्वारा मनाए गए विश्व शांति दिवस के आयोजन का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया एवं शांति एवं सद्भाव की शपथ दिलवाकर आपसी सद्भाव के लिए प्रेरित किया।

सी ओ गाइड डिंपल दवे ने बताया कि 07 दिवसीय यूनिट लीडर प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए यूनिट लीडर विद्यालय में छात्रों को किस प्रकार से गतिविधियों का आयोजन किया जाना है उन तमाम विधियों का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

शिविर में कब यूनिट लीडर शिविर के संचालक कर्माराम, रघुनाथ राम मीणा, मूलाराम पंवार, ढलाराम राठौड़, वजाराम राणा, दौलत सिंह, रमेश कुमार सोलंकी, जयपाल सिंह, भारत दाधीच, प्रदीप कुमार शर्मा, कैलाश कुमार, विशाल, घिसा राम आदि के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

## विद्युत सामग्री चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**जोधपुर** , (कासं)। शहर के सरदारपुरा रेजीडेंसी रोड पर एक निर्माणाधीन भवन से विद्युत साम्रगी चुराकर ले जाने के मामले में पुलिस ने एक शख्स को गिरफ्तार किया है। वह चोरी का सामान एक टैक्सी में डालकर ले जाया गया।

सरदारपुरा पुलिस ने बताया कि 12वीं रोड निवासी विकुल निकूब पुत्र राजकमल ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसकी एक बिल्डिग 12वीं रोड भोजनालय के पास निर्माणाधीन है। 14 सितंबर की मध्य रात में वहां से अर्थिंग केबल, मशीनें, स्ट्रीप लाइट, पंखे एवं एमसीबी आदि चोरी हो गए। आस पास सीसीटीवी फुटेज में एक टैक्सी नजर आई थी। सरदारपुरा पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच करते हुए आरोपी उदयमंदिर आसन खारियां कुआं के पीछे रहने वाले रेहान पुत्र अब्दुल रशीद को इसमें गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार सामग्री को एक टैक्सी में डालकर ले जाया गया। सामान और टैक्सी बरामदगी के प्रयास जारी है। जांच एएसआई ओपाराम कर रहे हैं।

# केंद्र व राज्य सरकार नारी कल्याण के प्रतिबद्ध : गर्ग

**जालोर**,(कासं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धार (मध्यप्रदेश) से "स्वस्थ नारी सशक्त परिवार" अभियान की शुरुआत की। जिसका सीधा प्रसारण जिला मुख्यालय पर स्थित जालोर क्लब में किया गया। कार्यक्रम में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

जालोर क्लब में आयोजित कार्यक्रम में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार महिला सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत का जो सपना देखा है वह जल्दी पूरा होगा। उन्होंने कहा कि परिवार में महिलाओं का स्वस्थ रहना जरूरी है। यदि एक महिला बीमार हो जाती है तो पूरे परिवार की देखभाल करना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पर्व पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। यह सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि इस पखवाड़े के दौरान सेवा से जुड़े विभिन्न कार्य आयोजित किए जाएंगे।मुख्य सचेतक ने कहा कि "स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान" का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाना है तथा उन्हें स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। अभियान के जिलेभर में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए जाएंगे जहाँ महिलाएँ एवं आमजन को एनीमिया, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर (बीपी), टीबी स्क्रीनिंग, मातृ व शिशु स्वास्थ्य सेवाएँ, पोषण संबंधी परामर्श, मासिक धर्म स्वच्छता व व्यक्तिगत देखभाल संबंधित परामर्श एवं स्वास्थ्य सेवाएँ दी जायेगी।

कार्यक्रम में जसराज राजपुरोहित ने रक्तदान की महत्वता बताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर आयोजित रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान करने का आह्वान किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भेराराम जाणी ने आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन निशा एम. कुट्टी ने किया।

कार्यक्रम में रवि सोलंकी, प्रकाश छाजेड़, गजेन्द्र सिसोदिया, उदयसिंह दादाल, पुखराज विराणा, उत्तम गर्ग, नैनमल लखारा, रमेश गर्ग, अम्बालाल व्यास, सुरेश सुन्देशा, दिनेश महावर, महेश भट्ट, अशोक गुर्जर, परमवीरसिंह भाटी, सुरेश राजपुरोहित सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि और आमजन मौजूद रहे।

वही राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग व सांसद लुम्बाराम चौधरी ने बुधवार को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केन्द्र, जालोर में आयोजित "स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार" अभियान के अंतर्गत आयोजित शिविर का अवलोकन किया। राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर के सफल आयोजन के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने टीम को निर्देश दिए कि अभियान को और अधिक व्यापक स्तर पर ले जाकर हर महिला तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुँचाया जाए। सांसद लुंबाराम चौधरी ने कहा कि नारी का स्वास्थ्य सशक्त परिवार और सशक्त समाज की आधारशिला है। सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं को सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना है। शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं ने स्वास्थ्य जांच, पोषण परामर्श एवं जागरूकता संबंधी गतिविधियों में भाग लिया। चिकित्सकों की टीम द्वारा स्त्री रोग, गैर संचारी रोग, टीबी स्क्रीनिंग, हाइपरटेंशन, मधुमेह, एनीमिया एवं सामान्य स्वास्थ्य संबंधी जांच कर नि:शुल्क दवाइयाँ वितरित की गई। जिला कार्यक्रम प्रबंधक चरण सिंह ने शिविर में दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं और जिले भर में आयोजित होने वाले शिविरों के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री भूपेन्द्र देवासी, सीएमएचओ डॉ. भैराराम जाणी, पीएमओ डॉ. वेदप्रकाश मीणा, आरसीएचओ डॉ राजकुमार बाजिया, उपनियंत्रक डॉ. नैनमल परमार समेत कई जन मौजूद रहे।

वहीं स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के जिला स्तरीय उद्घाटन कार्यक्रम के साथ ही 2 अक्टूबर तक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केन्द्र (एमसीएच) जालोर में तक किया जा रहा है।

स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग, अस्थि रोग, दंत रोग, मानसिक स्वास्थ्य व चर्म रोग विशेषज्ञों की सेवाओं सहित निशुल्क दवा, जांच व रेफरल सेवाओं से गर्भवतियों, धात्री महिलाओं, किशोरी बालिकाओं सहित शिविरार्थियों को लाभान्वित किया जायेगा।

# नकबजनी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**जालोर**, (कासं)। जालोर कोतवाली पुलिस ने बुधवार को सूने मकानों की रैकी कर रात्री में मकानों से जेवरात व रुपये की चोरी करने वाले दो नकबजनो को गिरफ्तार किया।

जालोर कोतवाली थानाधिकारी अरविन्दकुमार के नेतृत्व में गङ्गित टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेजों को चैक किया जाकर अजयसिंह उर्फ इल्लाह पुत्र पंचमसिंह, जाति सरदार खीची, उम्र 23 साल, पैशा मजदूरी, निवासी रेल्वे क्वार्टस झूपडपटी खंभात, जिला आणद (गुजरात) व शेरसिंह उर्फ शेरूसिंह पुत्र कालुसिंह, जाति सरदार तिलपितया, उम्र 35 साल, पैशा मजदूरी, निवासी फतेह दरवाजा फुलकुआ सोसायटी खंभात, पुलिस थाना खंभात सीटी, जिला आणद (गुजरात) को गिरफ्तार किया जाकर पूछताछ एवं माल बरामदगी हेतु पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया है।

घटना का विवरण:- दिनांक 27. अगस्त 2025 को मनीष सुथार ने थाना हाजा पर प्रकरण दर्ज करवाया किया कि गत रात्री को अज्ञात चोरों द्वारा मेरे घर का ताला तोड़कर घर में से सोने चांदी के जेवरात व रोकड़ रुपये चोरी कर ले गए है। जिस पर मामला दर्ज कर तलाश शुरु की गई।

अभियुक्त अजयसिंह का जीजा मंगलसिंह बडंगाव में रहकर मजदुरी करता है, जो रैकी करके अपने साला अजयसिंह व अजयसिंह के मामा का लड़का शेरसिंह को जानकारी देकर मोटरसाईकिल पर चोरी करने की नियत से बडगांव में बुलाया। जहां से अजयसिंह, मंगलसिंह व शेरसिंह तीनों द्वारा मोटरसाईकिल पर रवाना होकर रात्री में कस्बा में ही सुनसान जगह पर विश्राम करते। सुबह के समय पुलिस गश्त समाप्त होने के समय सुने मकानों का ताला तोड़कर जेवरात व रूपये चोरी कर मोटरसाईकिल पर वापस बडगांव जाकर अपने धनराशि का बंटवारा कर मंगलसिंह को उसके किराये के रूम पर छोड़कर अन्य आरोपी गुजरात चले जाते थे। आरोपियों द्वारा कस्बा भीनमाल व जालोर, रामसीन में चोरी करना स्वीकार किया गया है।

# उम्मेद भवन पैलेस के राठौड़ दरबार हाल में हुई नजर निछरावल

**जोधपुर**, (नि.सं.)। युवराज शिवराज सिंह के 50 में जन्म दिवस के अवसर पर उम्मेद भवन पैलेस के राठौड़ दरबार हाल में परंपरागत ऐट होम का आयोजन हुआ। अनेक लोगों ने नजर निछरावल कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। सबसे पहले पूर्व महाराजा गज सिंह व पूर्व महारानी हेमलता राज्ये से शिवराज सिंह ने आशीर्वाद लिया। इसके बाद राज भंवर सिराज देव ने महाराजा गज सिंह जी व पिता शिवराज सिंह को नजर निछरावल की । इस अवस युवरानी गायत्री राज्ये व बाईजी लाल शिवरंजनी राज्ये भी उपस्थित थी।

बाद में पूर्व राज परिवार के सदस्य मृगांका कुमारी , उषा कुमारी , वीर विक्रम सिंह , राजेंद्र सिंह, सूर्यवीर सिंह, दुष्यंत सिंह, डॉ भूपेंद्र सिंह, राजकुमार सिंह, मेजर जनरल शेर सिंह, मेजर जनरल नरपत सिंह राजपुरोहित , मेजर जनरल के वी एस लालोतरा, ब्रिगेडियर शक्ति सिंह, सिद्धार्थ सिंह रोहिट , जिला प्रमुख पाली रश्मि सिंह, रावल किशन सिंह, राव राजा महेंद्र सिंह, धनंजय सिंह, राघवेंद्र सिंह झालामंड, गजेंद्र पाल सिंह पोषाणा ,कर्नल शंभू सिंह देवड़ा, कर्नल गिरेन्द्र सिंह , देवयानी सिंह, महेश करण सिंह पाल, भरत सेन, डॉ राम सिंह राठौड़ , मारवाड़ राजपूत सभा के अध्यक्ष हनुमान सिंह खांगटा ,के वी सिंह चांदरख , राजेंद्र सिंह लीलियां, श्याम सुंदर सिंह डांवरा ,किशोर सिंह सजाड़ा ने नजर निछरावल कर युवराज शिवराज सिंह को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

ऐट होम के अवसर पर उम्मेद भवन पैलेस होटल के महा प्रबंधक मनु शर्मा, मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट के प्रशासनिक अधिकारी कर्नल अजय सिंह शेखावत , भानु प्रताप सिंह , मयूर चौपासनी स्कूल के प्राचार्य शरद तिवारी, हनुमंत सैनिक स्कूल के प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ अवनीश त्यागी, चौपासनी विद्यालय के प्राचार्य डी एस राजवी , फारूक अहमद खान , दिलीप सिंह राठौड़ , महाराजा मानसिंह पुस्तक प्रकाश शोध केंद्र के उपनिदेशक डॉ महेंद्र सिंह तंवर , किशन वीर सिंह चांपावत , अरुण अग्रवाल ,गर्मांशु बोहरा , शैलेश माथुर, ओम प्रकाश गेपाला सहित अनेक व्यक्तियों ने नजर निछरावल कर शुभकामनाएं दी।

## मेहरानगढ़ दुर्ग में चामुंडा माता के किए दर्शन किए

शिवराज सिंह ने मेहरानगढ़ दुर्ग पहुंच कर चामुंडा माता जी मंदिर में दर्शन किए व पूजा अर्चना की। चामुंडा माता मंदिर के पुजारी राजू महाराज ने पूजा करवाई।

उनके साथ युवरानी गायत्री राज्ये व राजभंवर सिराज देव भी थे। उन्होंने मेहरानगढ़ दुर्ग में नागणेच्चया माता जी , चिड़ियानाथ जी, झरनेश्वर महादेव व जसवंत थड़ा में भी पूजा अर्चना की। इस अवसर पर मेहरानगढ़ प्रबंधन ने उनकी अगवानी की।

# दाता की बेटी ने जीता गोल्ड मेडल व पलादर ने खिताब

**सांचौर**, (निसं)। उपखण्ड के दाता ग्राम पंचायत के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 69 वीं जिला स्तरीय 14 वर्षीय बालक बालिका वर्ग की बैडमिंटन खेलकूद प्रतियोगिताओं का समापन समारोह रंगारंग कार्यक्रम के साथ हुआ।

प्रतियोगिता में कुल 196 खिलाड़ी ने हिस्सा लिया। खेल प्रतियोगिता का फाइनल मैच पलादर और डेडारु नाडी के बीच हुआ जिसमें पलादर विजेता रही। प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों के रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि विराज देवासी रही व अध्यक्षता शांयती देवी सरनाऊ प्रधान ने की। विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य प्रवीण कुमार, भंवरलाल बिश्नोई मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सरनाऊ,सरपंच प्रतिनिधि अमलू राम मांजू,भीखाराम सारण, इसराराम मांजू,सुरेश सियाक, प्रतियोगिता संयोजक दीपाशंकर शर्मा सहित कई जने विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन रहे। अतिथियों ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी दी। उन्होंने कहा,एक अच्छा खिलाडी मेहनत और संघर्ष से बनता है। खेल करियर और आजीविका में अहम भूमिका निभाते हैं। सभी खिलाडियों को शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता सचिव रामनिवास बिश्नोई ने प्रतिवेदन में बताया कि छात्र वर्ग की टीम स्पर्धा में प्रथम कैरियर एकेडमी भीनमाल विजेता और राउमावि खिरोडी उपविजेता रहा। छात्रा वर्ग में पलादर विद्यालय प्रथम तथा डेडारु नाडी निम्बावास विद्यालय द्वितीय स्थान पर रहा। एकल स्पर्धा में छात्रा वर्ग में किरण भादू राउमावि दाता ने प्रथम और निशा कँवर ने द्वितीय स्थान हासिल किया। छात्र वर्ग में प्रधुमन ने प्रथम और वियान ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया,प्रतियोगिता के बेस्ट प्लेयर का खिताब प्रधुमन और किरण भादू को मिला। इस अवसर पर जिले के विभिन्न विद्यालयों के क्रीडा निर्णायक मंडल मौजूद रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य रामनिवास साऊ ने किरण की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता न सिर्फ विद्यालय बल्कि पूरे जिले के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि किरण की जीत यह साबित करती है कि अनुशासन और कङ्गोर अभ्यास से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। दाता ने खेलों के इतिहास में एक नया रिकॉर्ड दर्ज किया है। जिला स्तरीय बैडमिंटन खेलकूद प्रतियोगिता 14 वर्ष छात्रा वर्ग एकल प्रतिस्पर्धा में राउमावि दाता की किरण भादु ने जालौर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता ।अब दाता की बेटी किरण भादू राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। दाता की बेटी ने गोल्ड मेडल जीत कर जिला,स्कूल अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया। किरण भादू की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित नागरिकों ने बधाई दी है। स्थानीय विद्यालय के संस्था प्रधान रामनिवास विश्नोई ने समस्त प्रतिभागियो एवं मेहमानों के लिये चार दिवस भोजन एवं जलपान की व्यवस्था व सफल आयोजन के लिए समस्त दाता ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया। मंच का संचालन लालाराम चौधरी ने किया। कार्यक्रम में दाता ग्राम पंचायत सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों के बडी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# चान्देसरा में क्षत्रिय युवक संघ का संस्कार शिविर 19 से

**बालोतरा**, (नि.सं.)। बालोतरा जिले के चान्देसरा ग्राम में 19 सितम्बर से चार दिवसीय संस्कार शिविर आयोजित किया जाएगा।

श्री क्षत्रिय युवक संघ के प्रांत प्रमुख मूल सिंह चान्देसरा ने बताया कि चान्देसरा में आयोजित होने वाला चार दिवसीय प्राथमिक प्रशिक्षण शिविर संस्कार निर्माण हेतु आयोजित किया जा रहा जो आवासीय होगा और इस शिविर में चान्देसरा के आसपास के गांवों सहित बालोतरा जिले की लगभग हर तहसील के राजपूत विद्यार्थी व युवा शरीक होंगे।

गुलाब सिंह चान्देसरा ने बताया कि 19 सितम्बर को ध्वजारोहण के साथ प्राथमिक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ होगा तत्पश्चात प्रति दिन प्रात: 5 बजे से लेकर रात्रि 10 बजे शिविर की विभिन्न गतिविधियों जागरण, दैनिक यज्ञ, प्रात: व सायं कालीन खेलों, विभिन्न विषयों पर चर्चा व प्रश्नोत्तरी,प्रेरक सहगीतों, शास्त्रार्थ, नशा व सामाजिक कुरीतियां के निवारण हेतु लघु नाटिका व विनोद सभा व स्व प्रेरणा आदि माध्यम से संस्कार व चरित्र निर्माण का मनोवैज्ञानिक विधी से प्रशिक्षण देकर अभ्यास कराया जायेगा।

